केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क- bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 255 रविवार 7 अप्रैल 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### शार्ट सर्किट से झोपडी व नगदी जल कर खाक



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

कुदरहा (बस्ती) कलवारी थाना क्षेत्र के टेंगरिया राजा गांव में शनिवार की सुबह 6 बजे शार्ट सर्किट के चलते रिहायसी छप्पर जल कर राख हो गया। जिसमे रखा बारह हजार नगद व घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

गांव निवासनी रामरती देवी पत्नी स्व प्रेमचंद्र गांव में सडक के किनारे झोपड़ी बना कर रहती थी। उसी में गुमटी रख दुकान चलती थी और तीन बच्चों का भरण पोषण करती थी। झोपड़ी के बगल विद्युत पोल पर लगे सेटअप बाक्स से शार्ट सर्किट होने से झोपडी में आग लग गया। झोपड़ी में रखा टीबी, बर्तन, मोबाइल, सिलाई मशीन, दुकान का सारा सामान व बारह हजार नगद सहित लाखों रुपये की सामान जल कर खाक हो गया।

आग लगने की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने पीड़िता के घर पहुंच कर हाल–चाल जाना। सांसद हरीश द्विवेदी की अगुवाई मे पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष भाजपा व्रह्मदेव यादव देवा, भाजपा नेता प्रदीप पांडे, वीरेंद्र राजभर, डायरेक्टर अजय दुबे, श्रीराम राजभर ने पंहुच कर आर्थिक मदत कर प्रशासन से मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

### मतदान के दिन रहेगा अवकाश

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 हेतु जनपद में षष्टम चरण में मतदान दिनॉक आगामी 25 मई (शनिवार) को सार्वजनिक अवकाश रहेंगा। उक्त जानकारी जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने दिया है।

### परीक्षा परिणाम घोषित, पुरस्कृत हुये मेधावी





**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती–शनिवार को कप्तानगंज कस्बे स्थित शैक्षिक संस्थान माँ गायत्री इंटर कालेज एवं एम जी कान्वेंट ने शैक्षिक वर्ष 2023–24 के छात्रों को उनके वार्षिक परीक्षा परिणाम के साथ साथ प्रत्येक कक्षाओं मे प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों के शील्ड व मेडल प्रदान किया।

शनिवार को मा गायत्री इंटर कॉलेज एवं एम जी कंवेंट कप्तानगंज ने शैक्षिक वर्ष 2023– 24 का परीक्षाफल जारी किया। संस्थान के प्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने प्रेस प्रतिनिधियों से बात करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्षो की तरह इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा फल संतोषजनक रहा इसके लिए मै विद्यालय के सभी शिक्षको को बधाई देता हूँ। कक्षा 9 अंग्रेजी मीडियम की छात्रा वर्तिका यादव ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे स्कूल मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 की अंशिका यादव को 90 प्रतिशत, आकांक्षा मिश्र को 89.15 प्रतिशत, महक त्रिपाठी को 85 प्रतिशत, कक्षा 11 के सौरव ओझा को 82.2 प्रतिशत, यश सिंह को79.5 प्रतिशत, शिखा तिवारी को 79.5 प्रतिशत, श्रद्धा निषाद को76.9प्रतिशत, अमृता शुक्ल को 74.6 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय की मेरिट में अपनी जगह बनानी है कामयाब रहे बाकी अन्य छात्रों को भी उनका प्रगति पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ अरविंद कुमार मिश्र, बैजनाथ मिश्र, मनोज तिवारी, हरि ओम तिवारी, जितेंद्र तिवारी, चंद्र पाल, जितेंद्र वर्मा, प्रेम चंद मिश्र, शनि यादव, ज्योति सिंह, विभा पांडेय, राजकुमार पांडेय, अंबेश्वरी त्रिपाठी, लवली मिश्र, सुनील कुमार सहित समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

# राजनीतिक दलों के नहीं, संविधान के प्रति वफादार रहें वकील- डीवाई चन्द्रचूड़



**नई दिल्ली (आभा)।** मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि वकीलों को अदालत और भारतीय संविधान को अपने राजनीतिक झुकाव और विश्वास से ऊपर रखना चाहिए। नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए, सीजेआई चंद्रचूड़ ने एक चिंता जताते हुए भी कहा कि वे लंबित मामलों और अदालती फैसलों पर वकीलों द्वारा टिप्पणी करने की प्रवृत्ति से बहुत परेशान हैं। सीजेआई नागपुर उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के शताब्दी वर्ष समारोह को संबोधित कर रहे थे।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, हमारे जैसे जीवंत और तर्कशील लोकतंत्र में, अधिकांश व्यक्तियों की एक राजनीतिक विचारधारा और झुकाव होता है। अरस्तू के शब्दों में, मनुष्य राजनीतिक प्राणी हैं। वकील कोई अपवाद नहीं हैं। हालांकि, बार के सदस्यों के लिए, किसी की सर्वोच्च निष्ठा पक्षपातपूर्ण हित के साथ नहीं बल्कि अदालत और संविधान के साथ होनी चाहिए। कई मायनों में, एक स्वतंत्र बार कानून के शासन और संवैधानिक शासन की रक्षा के लिए नैतिक कवच है।'

उन्होंने कहा कि बार के सदस्य अदालत के पहले और सबसे महत्वपूर्ण अधिकारी हैं जिनके हाथों में कानूनी चर्चा की गरिमा और सच्चाई है। उन्होंने कहा, 'इस अर्थ में, बार में अदालत और नागरिकों के बीच एक पुल के रूप में काम करने की क्षमता है। अपनी भूमिका को पूरा करने में, बार जटिल कानूनी अवधारणाओं और उदाहरणों को प्रभावी ढंग से जनता के लिए सुलभ भाषा में अनुवाद कर सकता है, जिससे हमारे संवैधानिक मूल्यों और हमारे निर्णयों के वास्तविक उद्देश्य की गहरी समझ को बढ़ावा मिलता है।'

भारत के मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि आगे न्यायपालिका के कंधे चौड़े हैं और वह प्रशंसा के साथ ही आलोचना भी स्वीकार कर सकती है लेकिन लंबित मुकदमों या फैसलों पर वकीलों की टिप्पणी बहुत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि बार के पदाधिकारियों और सदस्यों को न्यायिक निर्णयों पर प्रतिक्रिया देते वक्त यह नहीं भूलना चाहिए कि वे अदालत के अधिकारी हैं, आम आदमी नहीं।

## अंक पत्र वितरण के साथ दिया विदाई



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बहादुरपुर (बस्ती)। विकास क्षेत्र बहादुरपुर के प्राथमिक विद्यालय कटरुआ में शनिवार को अंकपत्र वितरण के साथ विदाई कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय इंचार्ज प्रधानाध्यापक सूर्यप्रकाश शुक्ल के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एआरपी अम्बिका पाण्डेय, मनोज उपाध्याय व ग्राम प्रधान राजन सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करते हुए किया। अंकपत्र मिला तो बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे वहीं विदाई के छड़ सभी भाउक हो गए। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट करते हुए सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 5 पास छात्रों को भी पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजन सिंह ने कहा कि शिक्षक एक कुम्हार की तरह होता है, जो कच्चे मिट्टी से पक्के बर्तन बनता है। छात्रों को पढ़ाई विद्यालय में अनुशासित रहकर करना चाहिए अच्छी लगन व मेहनत से छात्रों को लक्ष्य की प्राप्ति होती है। कहा कि सभी छात्र अच्छी से मेहनत कर अपने गुरुजनों, विद्यालय व माता पिता का नाम रोशन करें।

विद्यालय इंचार्ज प्रधानाध्यापक सूर्यप्रकाश शुक्ल नें आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों ने हमे बहुत प्यार दिया और हम लोगों ने भी उनके सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा काम किया। उनका सहयोग और प्यार कभी नहीं भुलाया जा सकता है। यह बहुत ही खुशी का दिन है कि हमारे विद्यालय में कक्षा 5 की पढ़ाई के बाद आगे की शिक्षा ग्रहण करने के लिए अन्य विद्यालयों में बच्चे जा रहे है। परंतु सभी छात्र विद्यालय में शिक्षकों द्वारा दी गई शिक्षा और संस्कार का हमेशा ही अनुसरण करके विद्यालय का नाम रोशन करते रहें

इस मौके पर मुख्यरूप से ग्राम प्रधान राजमणि, आशुतोष पाण्डेय, सोभावती देवी, ओमप्रकाश पाण्डेय, सुनील कुमार, रमेश चंद्र, मुकेश, अनिल पाण्डेय के साथ ही बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

## कैसरगंज सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने पर अड़े बृजभूषण सिंह




**नई दिल्ली (आभा)।** यूपी की कैसरगंज सीट से सांसद बृजभूषण शरण सिंह लोकसभा चुनाव लड़ने पर अड़ गए हैं। वह किसी भी कीमत पर पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। बीजेपी नेतृत्व ने बृजभूषण की जगह उनकी पत्नी केतकी सिंह या बेटे प्रतीक भूषण को मैदान में उतारने का भी ऑफर दिया, लेकिन बीजेपी सांसद खुद ही कैसरगंज से मैदान में उतरना चाहते हैं। बृजभूषण कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष भी रह चुके हैं, लेकिन कुछ समय पहले महिला पहलवानों ने उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था, जिसपर जमकर विवाद हुआ। अब बीजेपी लोकसभा चुनाव में बृजभूषण की जगह उनके किसी नजदीकी को टिकट देना चाहती है, ताकि चुनाव के दौरान बृजभूषण को लेकर कोई विवाद न हो सके।

बीजेपी ने लोकसभा चुनाव के लिए यूपी की ज्यादातर सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। हालांकि, रायबरेली, कैसरगंज, मैनपुरी समेत 12 सीटों पर कैंडिडेट्स का ऐलान नहीं किया गया है। पिछले लोकसभा चुनाव में इन 12 सीटों में से नौ सीटों पर भाजपा की जीत हुई थी। सूत्रों की मानें तो बीजेपी ने बृजभूषण शरण सिंह के सामने विकल्प रखा था कि वह अपनी जगह अपनी पत्नी केतकी, बेटे प्रतीक या फिर किसी अपने अन्य करीबी को चुनाव लड़ने दें, लेकिन इससे बृजभूषण सहमत नहीं हुए। पिछले महीने की शुरुआत में आई बीजेपी की पहली लिस्ट में यूपी से कई दिग्गजों के नाम थे, लेकिन उसमें बृजभूषण को जगह नहीं मिली। इसके बाद जब यूपी को लेकर एक और लिस्ट आई तो उसमें भी कैसरगंज सीट के उम्मीदवार का नाम गायब रहा। ऐसे में साफ हो गया था कि बीजेपी लीडरशिप बृजभूषण सिंह की जगह किसी और को टिकट देना चाहती है।

# भाजपा ने उल्लास के साथ मनाया स्थापना दिवस



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। 1984 के बाद पहली बार किसी पार्टी को लोकसभा में बहुमत मिला था। इसके बाद बीजेपी ने 2019 में 303 सीटों पर जीत हासिल की और इतिहास रच दिया। इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा केंद्र की सत्ता पर तीसरी बार आने के लिए जोर लगाए हुए हैं। भाजपा नेता अमृत कुमार वर्मा ने जारी प्रेस नोट में बताया की लोकसभा चुनाव के जोर–शोर में भारतीय जनता पार्टी आज अपना स्थापना दिवस भी मना रही है। भाजपा हर साल 6 अप्रैल को अपना स्थापना दिवस मनाती है। पार्टी का 45वां स्थापना दिवस है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, सांसद हरीश द्विवेदी डा समीर सिंह सहित वरिष्ठ नेताओ ने स्थापना दिवस पर विचार व्यक्त किये। भाजपा के स्थीपना दिवस का जिले में मुख्ये कार्यक्रम पुराना डाकखाना स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर हुआ, जहां संगोष्ठी से पहले जिला प्रभारी और जिलाध्यक्ष ने पार्टी का ध्वज फहराया। इस कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष समेत पार्टी के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिले के सभी 2151 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित कर भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर पार्टी का ध्वज फहराते हुए भाजपा की रीति–नीति का प्रसार किया जा रहा है। ध्वजारोहण और संगोष्ठी कार्यक्रम के बाद जिला प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष रौतापार मोहल्ले के बूथ पर पहुंचकर लाभार्थियों से संपर्क किया। इसी क्रम में अन्य पार्टी के नेताओं के साथ सामाजिक कार्यकर्ता एवं बूथ के गणमान्यजनों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इन सभी कार्यक्रमों को कार्यकर्ता संगठन एप के माध्यम से तत्काल अपलोड कराने का दिशा निर्देश भी दिया गया।

जिला प्रभारी डा समीर सिंह ने कहाँ भाजपा के नेता और कार्यकर्ता पूरे देश भर में मोदी सरकार की नीतियों का प्रचार–प्रसार करने में जुट गए हैं। इस मौके पर पार्टी 'फिर एक बार, मोदी सरकार' के नारे के साथ जिले भर के 2151 बूथों पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पार्टी देशभर के कार्यकर्ताओं को 'फिर एक बार, मोदी सरकार– अबकी बार, 400 पार' के नारे के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प को साकार करने के अभियान में अथक परिश्रम के साथ जुट जाने का आह्वान भी स्थापना दिवस के मौके पर फिर से कर रही है।

जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा की भले ही भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई, लेकिन इसका इतिहास भारतीय जनसंघ से जुड़ा है। कहा की पार्टी कार्यक्रमों के जरिए मतदाताओं तक यह संदेश भी पहुंचाने का प्रयास करेगी कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक ओर जहां गरीब, किसान, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए ढेर सारे ऐतिहासिक कार्य हुए हैं, वहीं दूसरी ओर आधारभूत संरचना के क्षेत्र में बहुत तेजी से प्रगति करते हुए भारत के मान–सम्मान को बढ़ाने एवं संस्कृति और विरासत के क्षेत्र में भी अद्वितीय कार्य हुए हैं।चार दशकों में पार्टी ने लोकसभा में 2 सीटों से 303 सीटों का लंबा सफर तय किया है। अटल–आडवाणी की जोड़ी से मोदी–शाह की जोड़ी तक पार्टी ने हर दशक में नई उपलब्धि हासिल की। इसमें राम जन्मभूमि आंदोलन ने भी उसकी मदद की, जिसका परिणाम पिछले साल अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के तौर पर सामने आया।

इस मौके पर लोकसभा प्रभारी सेतभान राय, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र नाथ तिवारी, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष गोपेश्वर त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन कसौधन, महेश शुक्ला, प्रेम सागर तिवारी, सुशील सिंह, राजेश पाल चौधरी, विधानसभा संयोजक अनूप खरे, अश्वनी उपाध्याय, भानु प्रकाश मिश्र, अमृत कुमार वर्मा डब्लू, रामचरन चौधरी, दिलीप पाण्डेय, मीडिया प्रभारी मनमोहन श्रीवास्तव काजू, गजेंद्र सिंह, वागीश सिंह, ओम प्रकाश ठाकुर, अमरेश पाण्डेय, आशा सिंह, श्रुति अग्रहरी, विमल पांडेय, राजन ठाकुर , पंकज चौधरी, प्रफुल श्रीवास्तव, रवि पासवान, रामननंद नन्हे, राजन मिश्रा, सरोज मिश्र, आलम खान, प्रत्यूष विक्रम सिंह, अवनीश सिंह अरविंद श्रीवास्तव गोला, कुंदन वर्मा, विष्णु शुक्ला, अभिनव उपाध्याय, विपिन शुक्ला, भल्लू काका, हर्षित श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, जान पांडेय, राजन गुप्ता, भूपेंद्र सिंह राना, सचिन सिंह आदि मौजूद रहे।

# मोदी, योगी ने किया रोड शो




**गाजियाबाद (आभा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री यागी आदित्यनाथ ने शनिवार को गाजियाबाद में रोड शो किया। आंबेडकर रोड पर मालीवाड़ा चौक से चौधरी मोड़ तक 1.4 किलोमीटर लंबे रूट पर हुए रोड शो में जबरदस्त भीड़ उमड़ी और पूरा रूट अबकी बार 400 पार व मोदी जी को जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। प्रधानमंत्री ने खुले वाहन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ लोगों का अभिवादन किया। रोड शो में पहुंचे लोगों ने 36 स्थानों पर फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया। पारंपरिक परिधानों में सजकर पहुंचीं महिलाएं खुशी में झूम उठीं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम 5.40 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और रोड शो शुरू हुआ, उनकी एक झलक पाने के लिए लोग 36 डिग्री सेल्सियस तापमान के बावजूद दोपहर दो बजे से ही आंबेडकर रोड पर पहुंचने शुरू हो गए थे, ताकि वह सबसे आगे खड़े होकर प्रधानमंत्री का दीदार कर सकें।

जैसे ही प्रधानमंत्री मालीवाड़ा चौक के पास खुली गाड़ी में सवार हुए तो पूरा क्षेत्र मोदी–मोदी, जय श्रीराम, अबकी बार 400 पार और मैं हूं मोदी का परिवार के नारों से गूंज उठा। लोगों में कई घंटे इंतजार की थकान मोदी की एक झलक पाते ही दूर हो गई और लोगों में जोश भर गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाथ में कमल के फूल का मॉडल लेकर लोगों का अभिवादन करने के साथ–साथ प्रत्याशी को जिताने की भी अपील की। प्रधानमंत्री के साथ गाजियाबाद लोकसभा सीट के प्रत्याशी अतुल गर्ग, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और स्थानीय सांसद वीके सिंह मौजूद रहे। प्रधानमंत्री के रोड शो के रूट पर राम मंदिर का भव्य मॉडल और राम व सीता के रूप में सजे दिल्ली के कलाकार मौजूद रहे। शाम को रोड शो का चौधरी मोड़ पर समापन हुआ।

## एल.के. आडवाणी हैं जिन्ना के प्रशंसक–जयराम रमेश



**नई दिल्ली (आभा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग जैसी छाप होने की बात कहते हुए हमला किया था। इसके बाद कांग्रेस ने भी पलटवार करते हुए कहा है कि जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिन्ना की मुस्लिम लीग के साथ समझौता किया था। कांग्रेस ने कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि जिन्ना के समर्थक भाजपा के नेता हैं। लालकृष्ण आडवाणी और जसवंत सिंह ने पाकिस्तान जाकर जिन्ना की तारीफ की थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी को लेकर शनिवार को पलटवार करते हुए जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने इतिहास से परिचित नहीं हैं, क्योंकि वह कोई और नहीं बल्कि जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे, जो 1940 के दशक की शुरुआत में लीग के साथ बंगाल में गठबंधन सरकार का हिस्सा थे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने भाजपा पर 'विभाजन की राजनीति– करने का भी आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को सहारनपुर में एक चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में वही सोच झलकती है, जो आजादी के आंदोलन के समय मुस्लिम लीग में थी। मोदी ने यह भी कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में पूरी तरह मुस्लिम लीग की छाप है और इसका जो कुछ हिस्सा बचा रह गया, उसमें वामपंथी पूरी तरह हावी हो चुके हैं। कांग्रेस इसमें दूर–दूर तक दिखाई नहीं देती है।

प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जयराम रमेश ने कहा, 'प्रधानमंत्री को अपना इतिहास नहीं पता है। वास्तव में, वह कोई और नहीं, बल्कि हिंदू महासभा के अध्यक्ष मुखर्जी थे, जो बंगाल में मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन सरकार में शामिल थे। हिंदू महासभा सिंध और उत्तर–पश्चिम सीमांत प्रांत में भी मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन में थी।श रमेश ने कहा, श्कांग्रेस नहीं, बल्कि भाजपा विभाजन की राजनीति में विश्वास करती है और ऐसा करती भी है।'

कांग्रेस पर हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा था कि 'आजादी की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस तो दशकों पहले ही समाप्त हो चुकी है। अब जो कांग्रेस बची है, उसके पास न देशहित में नीतियां हैं और न ही राष्ट्रनिर्माण की दृष्टि। कांग्रेस ने जिस तरह का घोषणा पत्र जारी किया है, उससे साबित हो गया है कि आज की कांग्रेस, आज के भारत की आशाओं–आकांक्षाओं से पूरी तरह कट चुकी है।' उन्होंने कहा, श्कांग्रेस के घोषणा पत्र में वही सोच झलकती है, जो आजादी के आंदोलन के समय मुस्लिम लीग में थी।

## गौरीशंकर चौधरी भाकियू जिलाध्यक्ष बने




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन की बैठक शिवा कालोनी स्थित शिविर कार्यालय पर पूर्वान्चल अध्यक्ष अनूप चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में किसान समस्याओं पर चर्चा, संगठन की भूमिका पर चर्चा के साथ ही सर्व सम्मत से जिला कमेटी को भंग कर गौरीशंकर चौधरी को जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। वे शीघ्र ही कमेटियों का गठन कर पदाधिकारियों की घोषणा करेंगे।

बैठक में मुख्य रूप से दिवान चन्द पटेल, महेन्द्र कुमार, जर्नादन मिश्र, शोभाराम ठाकुर, राम मनोहर, रामचन्दर, जयराम वर्मा, बंधु चौधरी, त्रिवेनी चौधरी, कन्हैया, रामनयन, रामचन्दर सिंह, रमेश चन्द्र, डा. आर.पी. चौधरी, पण्डा यादव, पंचराम, गंगाराम, राम सुरेमन, प्रदीप किसान, दीप नरायन चौधरी, राजेन्द्र चौधरी, रामपाल सिंह, राम कृपाल, राम भजन, जगदीश, ब्रम्हदेव, विनोद बाबा, राम सुरेमन के साथ ही भाकियू के अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

## भाजपा की सरकार में व्यापारी सुरक्षित- बनवारीलाल कंछल



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शनिवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की बैठक ब्लाक रोड़ स्थित अग्रहरि भवन पर जिलाध्यक्ष सुभाष चन्द्र अग्रहरि की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुये प्रान्तीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने कहा कि भाजपा ने व्यापारियों को बीमा पेंशन के साथ ही आयकर में छूट दिया और व्यापारी कल्याण बोर्ड एवं व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ का गठन करने के साथ ही माफिया, रंगदारी मांगने वाले, गुण्डे–बदमाशों का समूल विनाश किया। लाइसेंस आजीवन करने के साथ ही मण्डी शुल्क कम किया। संगठन इन उपलब्धियों को देखते हुये लोकसभा के चुनाव में भाजपा के साथ है और यूपी की 80 एवं देश के 400 से अधिक सीटों पर भाजपा की जीत के लिये व्यापारी समाज के लोग प्रतिबद्ध है।

प्रान्तीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने व्यापारियों को दुर्घटना बीमा देने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। पिछले 75 वर्षों में किसी भी सरकार ने ऐसा कार्य नहीं किया इसी प्रकार 60 वर्ष के ऊपर के व्यापारियों को 3 हजार प्रति माह पेन्शन देने का काम भी किया है। रेड़ी पटरी वाले गरीब दुकानदारों को प्रत्येक जनपद में नये बाजार स्थापित कर कम दामों में दुकानें उपलब्ध कराई हैं। रेड़ी पटरी दुकानदारों को कम ब्याज पर कर्जा उपलब्ध कराया गया है। 40 लाख प्रतिवर्ष से कम बिक्री वालों को जीएसटी से मुक्त कर दिया गया जो पूर्व को सरकारों ने नहीं किया था। भाजपा ने देश एवं प्रदेश में माफिया, गुण्डे–बदमाशों, रंगदारी मांगने वालों को जेल भेजकर एवं उन पर सख्त कार्यवाही करके कानून व्यवस्था की स्थिति में पर्याप्त सुधार किया। उद्यमी और व्यापारी निडर और बेखौफ होकर अपना व्यापार चला रहे हैं। प्रदेश में एक भी व्यक्ति रंगदारी मांगने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। यह भाजपा की पूर्ण सफलता है। कहा कि देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा चित्रकूट से लखनऊ के बीच डिफेन्स कॉरीडोर की स्थापना की गई। जिसके अगल–बगल हजारों उद्योग लग रहे हैं। सम्बन्धित जिले के व्यापारियों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। श्रम विभाग का लाइसेंस आजीवन कर दिया है। जिन दुकानों पर कोई कर्मचारी नहीं हैं उन दुकानों को श्रम विभाग से मुक्त कर दिया है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के जिलाध्यक्ष सुभाष चन्द्र अग्रहरि ने कहा कि प्रान्तीय अध्यक्ष के दिशा निर्देश के अनुरूप व्यापारी भाजपा की जीत के लिये ताकत झोंकेंगे। बैठक में संजय चौधरी, प्रदीप कुमार विवेक अग्रहरि, कुलदीप, मारूति नन्दन, चन्दन, विनय, शिवम, कुलभूषण, विवेक मिश्र, शुभम, अरूण के साथ ही अनेक व्यापारी और संगठन के पदाधिकारी शामिल रहे।

"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 7 अप्रैल 2024 रविवार

## सम्पादकीय

### चुनावी रंग और घोषणा पत्र

देश चुनावी रंग में नजर आ रहा है। सभी राजनीतिक दल अपने वायदे–इरादे जाहिर कर रहे हैं। यूं तो कांग्रेस लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के झंडे तले राजग का विकल्प बनाने की तैयारी में जुटी है लेकिन शुक्रवार को उसने कांग्रेस मुख्यालय में सोनिया गांधी, राहुल गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आदि की उपस्थिति में अपना घोषणा पत्र जारी किया। यूं तो घोषणापत्र में वे सभी मुद्दे शामिल हैं, जिनके आधार पर वह पिछले पांच सालों में मोदी सरकार को घेरती रही है। लेकिन पार्टी ने इसे न्याय पत्र का नाम दिया और 25 गारंटियों का जिक्र किया। जिसमें एससी,एसटी और ओबीसी के लिये आरक्षण की निर्धारित सीमा संविधान संशोधन के जरिये बढ़ाने की बात कही है। वहीं देश में किसान आंदोलन की पृष्ठभूमि में न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने का वायदा किया गया। पार्टी ने दावा किया है कि जो हिंदुस्तान चाहता है वह कांग्रेस घोषणा पत्र में दिख जाएगा। इसमें शैक्षणिक संस्थानों व नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को दस फीसदी आरक्षण का भी वायदा है। वहीं केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में तीस लाख नौकरियों के रिक्त पदों को भरने की बात कही गई। साथ ही राजस्थान की तर्ज पर पूरे देश में पच्चीस लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा देने की बात कही गई। जैसे कि पहले भी राहुल गांधी कहते रहे हैं– देश में सामाजिक, आर्थिक और जातिगत सर्वे कराने की बात कही गई है। वहीं हाल में बार–बार सामने आए पेपर लीक मामले में कहा गया है कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो फास्ट ट्रैक अदालतों के गठन के जरिये कार्रवाई करके पीड़ितों को आर्थिक राहत दी जाएगी। डिजिटल लर्निंग के महत्व को समझते हुए पार्टी ने कक्षा नौ से बारह तक के छात्रों को मोबाइल फोन दिलाने का वायदा किया है। दूसरी ओर 21 साल से कम उम्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को दस हजार रुपये प्रतिमाह की प्रोत्साहन राशि देने की बात कही है।

वहीं दूसरी ओर महिलाओं को लुभाने के लिये गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपये हर साल व 2025 से केंद्र सरकार की आधी नौकरियां महिलाओं के लिये आरक्षित करने का वायदा भी है। पार्टी ने मनरेगा के तहत मजदूरी बढ़ाकर 400 रुपये प्रतिदिन करने के साथ ही चार सौ रुपये न्यूनतम राष्ट्रीय वेतन की गारंटी भी दी है। कई मुद्दों पर राजग सरकार के दौरान उठे विवाद के चलते कांग्रेस ने वायदा किया है कि पार्टी की सरकार बनी तो भोजन, पहनावे, प्यार, शादी और भारत के किसी भी हिस्से में यात्रा व निवास की व्यक्तिगत पसंद में हस्तक्षेप नहीं करेगी। साथ ही ऐसे कानूनों को रद्द करेगी। पार्टी ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की वैकेंसियां तीन साल में भरने, अग्निपथ योजना को खत्म करने और शिक्षा नीति में बदलाव लाने की भी बात कही है। पार्टी ने कहा कि यदि हम सत्ता में आए तो पहली से बारहवीं तक निशुल्क व अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था करेंगे। जम्मू–कश्मीर के राज्य के दर्जे को बहाल करने के साथ ही पुडुचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा देंगे। कांग्रेस द्वारा चुनावी घोषणा पत्र जारी करने के बाद राजस्थान की एक चुनावी सभा में प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की कि भाजपा जो कहती है, वो जरूर करती है, सिर्फ घोषणापत्र ही जारी नहीं करती। हम संकल्प पत्र लेकर आते हैं। वहीं भाजपा प्रवक्ता ने भी कहा कि महिलाओं के लिये जो लुभावनी और अन्य घोषणाएं की गई हैं, क्या उन्हें कांग्रेस शासित राज्यों में लागू किया गया था? बहरहाल, विगत में भी देखा गया है कि पार्टियां आसमान से तारे जमीन पर लाने की बात जरूर अपने घोषणापत्र में कर देती हैं,लेकिन वित्तीय संसाधन सीमित होने के कारण उनका क्रियान्वयन संभव नहीं हो पाता। यदि करने की कोशिश होती भी है तो आयकरदाता के टैक्स का उपयोग विकास कार्यों के बजाय अनुत्पादक कार्यों में होता है। यह विडंबना ही कि राजनीतिक दल लोगों को स्वावलंबी बनाने तथा स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने के बजाय मुफ्त की रेवड़ियां बांटने को प्राथमिकता देते हैं। जो निश्चित रूप से देश के विकास की दृष्टि प्रगतिशील कदम नहीं कहा जा सकता।

# चुनावी समय में कच्चाथिवु का मुद्दा



—पुष्परंजन—



रामेश्वरम से कच्चाथिवु द्वीप की दूरी मात्र 25.9 किलोमीटर है। श्रीलंका के बहुचर्चित जाफना जिले का हिस्सा है यह द्वीप। 1.6 किलोमीटर लंबे और 300 मीटर चौड़े इस द्वीप पर दस साल बाद अचानक से प्रधानमंत्री मोदी का ध्यान गया है, वो भी सूचना के अधिकार की वजह से। तमिलनाडु के बीजेपी प्रेसिडेंट के. अन्नामलाई ने आरटीआई के जरिये यह जानकारी नहीं ली होती, तो क्या 'द्वीपहरण' का यह सनसनीखेज मामला दबा रह जाता? डीएमके ने जब केंद्र पर दोषारोपण शुरू किया, जवाब में विदेशमंत्री एस. जयशंकर बोले, 'मैंने मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन को 21 बार कच्चाथिवु द्वीप के बारे में जानकारी दी थी।' मगर, सवाल यह है कि पीएम मोदी को यह जानकारी आरटीआई से मिलती है, संबंधित मंत्रालय से क्यों नहीं मिली? इस प्रश्न का बेहतर उत्तर विदेशमंत्री एस. जयशंकर ही दे सकते हैं।

कच्चाथिवु पर विवाद का नवीनतम दौर 31 मार्च, 2024 को प्रधानमंत्री मोदी के एक ट्वीट के साथ शुरू हुआ, जिसमें तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष को मिली आरटीआई रिपोर्ट के हवाले से दावा किया गया था कि कांग्रेस पार्टी ने कच्चाथिवु द्वीप को जून, 1974 में 'बेवकूफी से श्रीलंका को दे दिया।' इसके प्रकारांतर पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, 'आंखें खोलने वाली और चौंका देने वाली! नए तथ्यों से पता चलता है कि कैसे कांग्रेस ने बेरहमी से कच्चाथिवु द्वीप को छोड़ दिया। इससे हर भारतीय नाराज है।'

सबसे दिलचस्प इस राजनीतिक युद्ध में तथ्यों का छिपाना और उसे तोड़–मरोड़ कर पेश करना भी रहा है। अशोक के. कंठ 2009 से 2013 के बीच कोलंबो में भारत के उच्चायुक्त तैनात थे। उनका मानना है कि भारत ने जितना श्रीलंका को दिया, उससे कहीं अधिक बड़ा और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण इलाका 1976 में हासिल कर लिया था।

23 मार्च, 1976 को भारत–श्रीलंका समझौते ने वाड्ज बैंक को भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र के हिस्से के रूप में मान्यता दी, जिससे भारत को वहां के विपुल प्राकृतिक संसाधनों पर सार्वभौम अधिकार मिल गया था। अब सोचा जा सकता है कि यह डील मूर्खतापूर्ण थी, या कि दूरगामी रणनीतिक समझदारी वाली। भारत ने 2024 की शुरुआत में ही वाड्ज बैंक इलाके में तेल की खोज के वास्ते टेंडर निकाला था, उस वजह से श्रीलंका ने स्वयं अपने मछुआरों को वहां जाने पर रोक लगा दी।

दरअसल, बीजेपी के लक्ष्य में तमिलनाडु का मछुआरा वोट बैंक है, उन्हें अपने आईने में उतारने को लेकर यह सारी कहानी बुनी गई है। गुजरात के बाद तमिलनाडु वो राज्य है, जहां समुद्री तटरेखा 1076 किलोमीटर लंबी है। तमिलनाडु के 38 में से 15 जिले तटीय हैं, जो पुदूचेरी समेत 40 लोकसभा सीटों में से आधे को प्रभावित करते हैं। मछुआरा समुदाय आये दिन श्रीलंकाई तटरक्षकों के हत्थे चढ़ता है। इनकी गिरफ्तारियां बीच समंदर होती हैं। इनके बोट जब्त होते हैं। कुछ हफ्तों बाद ये छूटते हैं, लेकिन इस बीच जमकर राजनीति होती है। तमिलनाडु फिशिंग रेगुलेशन एक्ट–1983 के अनुसार, 'राज्य के मछुआरे केवल तीन नॉटिकल माइल्स तक जाकर मछली का शिकार कर सकते हैं।' यों अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा नौ नॉटिकल माइल्स तक है, मगर बाज दफा मछुआरे उसे भी पार कर जाते हैं, परिणामस्वरूप वो पकड़े जाते हैं, फिर एक बड़ा इश्यू बनता है।

जून, 2011 में, तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता के नेतृत्व वाली सरकार ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर 1974 और 1976 के समझौतों को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की थी। हालांकि, केंद्र सरकार ने जयललिता के तर्कों पर आपत्ति जताई, जिसमें कहा गया था, 'भारत से संबंधित कोई भी क्षेत्र नहीं दिया गया था, न ही संप्रभुता छोड़ी गई थी, क्योंकि इसका कभी सीमांकन नहीं किया गया था।' दोनों समझौतों की वैधता की पुष्टि अगस्त, 2014 में भारतीय अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी ने की थी। उन्होंने भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश आरएम लोढा के नेतृत्व वाली सर्वोच्च न्यायालय की पीठ से कहा था, 'यदि आप कच्चाथिवु की वापसी चाहते हैं, तो आपको इसे पाने के लिए युद्ध में जाना होगा।'

श्रीलंका ने मुकुल रोहतगी के बयान के हवाले से सवाल करना शुरू किया है, कि क्या भारत, यूक्रेन युद्ध को इस इलाके में दोहराना चाहता है? श्रीलंका में भारत के तीन अत्यधिक सम्मानित पूर्व भारतीय उच्चायुक्त, शिवशंकर मेनन, निरूपमा राव और अशोक के. कंठ, जिनमें से दो ने बाद में विदेश सचिव के रूप में पद संभाला था, कच्चाथिवु पर पीएम मोदी के कमेंट्स से इत्तेफाक नहीं रखते। पीएम मोदी जिसे बेवकूफाना हरकत बताते हैं, वह समझौता 1974 में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान दो श्रीलंकाई प्रधानमंत्रियों, डडले सेनानायके (1965–1970) और श्रीमती सिरिमाओ भंडारनायके (1970–1977) के अथक बातचीत के बाद संपन्न हुआ था।

तीन हजार वर्गमील के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन 'वाड्ज बैंक' को भारत ने हासिल करने के बदले यदि 1.9 वर्ग किलोमीटर का कच्चाथिवु श्रीलंका को दे भी दिया, तो इसे मूर्खतापूर्ण कैसे कह सकते हैं? फिशरी सर्वे ऑफ इंडिया का कहना है कि वाड्ज बैंक में 4,000 वर्ग मील का क्षेत्र शामिल है। इसके विपरीत कच्चाथीवु केवल 285 एकड़ का एक निर्जन द्वीप है। कोलंबो से प्रकाशित अखबार, 'द आइलैंड' ने मन्नार की खाड़ी में अवस्थित वाड्ज बैंक के बारे में अपने संपादकीय में लिखा, 'श्रीलंका को अभी तक यह समझ में नहीं आया है कि उसने मन्नार में अपने सदियों पुराने मोती मत्स्य पालन प्रजनन स्थल और प्रचुर तेल भंडार वाले इलाके को खो कैसे दिया, जिसके लिए यह द्वीप कई शताब्दियों से जाना जाता था।'

मोदी के बयानों के बरअक्स श्रीलंका के मंत्रियों ने मोर्चा खोल रखा है। पहले वहां के विदेशमंत्री और अब श्रीलंका के मत्स्य मंत्री डगलस देवानंद ने गुरुवार को जाफना में कहा, 'यह भारत में चुनाव का समय है, कच्चाथिवु के बारे में दावों और प्रतिदावे का ऐसा शोर सुनना असामान्य नहीं है। मुझे लगता है कि भारत इस जगह को सुरक्षित करने के लिए अपने हितों पर काम कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि श्रीलंकाई मछुआरों की उस क्षेत्र तक कोई पहुंच न हो और श्रीलंका को उस संसाधनपूर्ण क्षेत्र पर किसी भी अधिकार का दावा नहीं करना चाहिए।'

इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कहेंगे कि चुनावी फायदे के लिए हम गड़े मुर्दे उखाड़ रहे हैं। दूसरी ओर श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश गुणावर्द्धन चीन से नौ समझौतों पर बुधवार को हस्ताक्षर कर आये हैं। चीन चुनाव तक श्रीलंका में सक्रिय रहेगा, इसे नई दिल्ली न ही भूले!

–ये लेखक के अपने विचार हैं।

# दबंग जनप्रतिनिधियों का बोलबाला और लोकतंत्र

—दीपिका अरोड़ा—



संसद को 'लोकतंत्र का मंदिर' माना गया है, ऐसी ही शुचिता की अपेक्षा राष्ट्रहित एवं जनकल्याण से जुड़े मुद्दे उठाने वाले जनप्रतिनिधियों के चरित्र से भी की जाती है किंतु अनेक मामलों में वास्तविकता ठीक इसके विपरीत दिखाई पड़ती है।

भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनावी सुधारों को लेकर होने वाली तमाम चर्चाओं में राजनीति का बढ़ता अपराधीकरण विगत कई वर्षों से एक अहम मुद्दा बना हुआ है। हाल ही में एसोसिएशन फॉर डैमोक्रेटिक रिफॉर्म (ए.डी.आर) ने मौजूदा संसद के 514 सदस्यों के आपराधिक, शैक्षणिक व आर्थिक रिकार्ड को लेकर नवीनतम आंकड़े जारी किए, जिनके अनुसार, विगत लोकसभा चुनाव के दौरान चयनित 44 प्रतिशत सांसद आपराधिक मामलों में संलिप्त हैं, जबकि 29 प्रतिशत सांसद संगीन आपराधिक मामलों में नामजद हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, अपने विरुद्ध हत्या से संबद्ध मामलों की जानकारी देने वाले मौजूदा 9 सांसदों में 5 भाजपा से संबद्ध हैं। कांग्रेस, बसपा, वाई.एस.आर. कांग्रेस सहित एक आजाद सांसद भी कत्ल के मामले में आरोपी है। वर्तमान सांसदों में से 28 के विरुद्ध हत्या के प्रयास में मामला दर्ज है। 16 मौजूदा सांसदों का नाम महिलाओं के विरुद्ध मामलों में आता है, जिनमें 3 सांसदों के खिलाफ महिलाओं से दुष्कर्म करने का आरोप भी है। आपराधिक सांसद चयनित करने के मामले में केरल प्रांत प्रथम स्थान पर रहा। यहां 20 में से 17 सांसदों के विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज हैं। गंभीर आपराधिक मामलों में उत्तर प्रदेश का नाम सर्वोपरि रहा। यहां 43श सांसद गंभीर आपराधिक मामलों में लिप्त पाए गए।

आंकड़ों का सम्पूर्ण लेखा–जोखा बदल रहे राजनीतिक समीकरणों की ओर इशारा करता है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने संसद में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा था, 'हमारी आजादी के समय, राष्ट्र के समक्ष उपस्थित चुनौतियों को यदि ध्यान में रखा जाए तो 'भारतीय लोकतंत्र' को निरूसंदेह मानव इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक माना जा सकता है।' वास्तव में, यह उपलब्धि इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि समूचे तौर पर इसका ध्येय जनहित से ही जुड़ा था। मताधिकार के आरम्भिक वर्षों में उम्मीदवार की कार्यक्षमता का आकलन करने के साथ, साफ–सुथरी छवि को ही प्राथमिकता दी जाती थी। भले ही शतरंजी चालें सदैव से ही राजनीति का हिस्सा रही हों किंतु आदर्शों, मूल्यों एवं सिद्धांतों की इस प्रकार सरेआम अवहेलना नहीं होती थी।

**रिपोर्ट के मुताबिक, अपने विरुद्ध हत्या से संबद्ध मामलों की जानकारी देने वाले मौजूदा 9 सांसदों में 5 भाजपा से संबद्ध हैं। कांग्रेस, बसपा, वाई.एस.आर. कांग्रेस सहित एक आजाद सांसद भी कत्ल के मामले में आरोपी है। वर्तमान सांसदों में से 28 के विरुद्ध हत्या के प्रयास में मामला दर्ज है। 16 मौजूदा सांसदों का नाम महिलाओं के विरुद्ध मामलों में आता है, जिनमें 3 सांसदों के खिलाफ महिलाओं से दुष्कर्म करने का आरोप भी है। आपराधिक सांसद चयनित करने के मामले में केरल प्रांत प्रथम स्थान पर रहा। यहां 20 में से 17 सांसदों के विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज हैं। गंभीर आपराधिक मामलों में उत्तर प्रदेश का नाम सर्वोपरि रहा। यहां 43श सांसद गंभीर आपराधिक मामलों में लिप्त पाए गए। आंकड़ों का सम्पूर्ण लेखा–जोखा बदल रहे राजनीतिक समीकरणों की ओर इशारा करता है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने संसद में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा था, 'हमारी आजादी के समय, राष्ट्र के समक्ष उपस्थित चुनौतियों को यदि ध्यान में रखा जाए तो 'भारतीय लोकतंत्र' को निःसंदेह मानव इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक माना जा सकता है।' वास्तव में, यह उपलब्धि इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि समूचे तौर पर इसका ध्येय जनहित से ही जुड़ा था।**

वर्तमान में तो जैसे चुनाव का आशय ही येन–केन–प्रकारेण अपनी जीत सुनिश्चित करवाना है, जनहित का मुद्दा तो सिर्फ नारों तक सीमित नजर आता है। बाहुबलियों की राजनीति में लगातार बढ़ती दखलअंदाजी एक ड्क्षचतनीय विषय बन चुका है। दरअसल, चुनावी राजनीति कमोबेश राजनीतिक दलों को प्राप्त होने वाली फंडिंग पर निर्भर करती है। आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों के पास अक्सर धन संपदा की कोई कमी नहीं होती। इसी माया के दम पर खुलकर वोट की सौदेबाजी होती है। चुनावी अभियान में प्रत्यक्ष–परोक्ष ढंग से खर्च किया गया पैसा जीत की संभावना कई गुणा बढ़ा देता है। जाति, वर्ग अथवा धर्माधारित मतदान भुनाना भी राजनीतिक दल खूब जानते हैं। प्रत्याशी को टिकट आबंटित करते संबंधित क्षेत्र में वर्ग–धर्म–जाति बाहुल्य का पलड़ा खंगालना राजनीतिक तुरुप चालों का ही तो हिस्सा है। जो नेतागण संसद में खड़े होकर डंके की चोट पर जातिगत भेदभाव मिटाने की बात करते हैं, चुनावों के दौरान वही जाति–धर्म के नाम पर वोट बटोरते दिखाई पड़ते हैं, यानी 'हाथी के दांत खाने के और, दिखाने के और'। फिर भी कुछ मतदाता समझ नहीं पाते और राजनीतिज्ञों की लच्छेदार बातों में उलझकर रह जाते हैं। जाति–धर्म के रूप में नेताओं को एक ऐसा अचूक हथियार मिल जाता है जो उनकी जीत सुनिश्चित करने में खासा मददगार सिद्ध होता एवं कालांतर में लोकतंत्र के लिए विषम परिस्थितियां उत्पन्न करने का एक बड़ा कारण बन जाता है। राजनीति के अपराधीकरण को बढ़ावा देने में भ्रष्टाचार की भी मुख्य भूमिका रहती है। आपराधिक पृष्ठभूमि को रिश्वत देकर कोई सत्ता तथा राजनीतिक प्रभुत्व हासिल करने के लिए पूरे सिस्टम को भ्रष्ट कर सकता है। विचारणीय है, स्वयं आपराधिक कृत्यों में प्रवृत्त व्यक्ति भला समाज को कैसे दिशा प्रदान करेगा? राजनीति में अपराधियों का प्रवेश सार्वजनिक जीवन में अपराध को बढ़ावा देने के साथ कार्यपालिका, नौकरशाही, विधायिका तथा अदालतों सहित राज्य संगठनों को प्रतिकूल दबाव डालते हुए नकारात्मक रूप से प्रभावित करने के अतिरिक्त करेगा भी क्या?

राजनीति तथा देश के कानून निर्माण में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति यों का अस्तित्व हर प्रकार से लोकतंत्र की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव ही डालता है। लोकतंत्र से आशय, लोगों का तंत्र है। सतही तौर पर इसकी स्थापना तभी संभव हो सकती है, जब इसे चलाने वाले आपराधिक प्रवृत्ति के दबंग न होकर चारित्रिक रूप से सुदृढ़, गरिमा सम्पन्न व लोकहित के हिमायती हों और ऐसा तभी संभव है जब हम अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें एवं सोच–समझकर ही करें।

# गांधी परिवार और रॉबर्ट वाड्रा



—अजय कुमार—

कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा के पति और राहुल गांधी के जीजा रॉबर्ट वाड्रा ने अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जाता कर अमेठी की राजनीति में सनसनी फैला दी है। रॉबर्ट वाड्रा का नाम कहीं और से चर्चा में नहीं आया। वाड्रा ने स्वयं अमेठी से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है, लेकिन संभवता गांधी परिवार के लिये यह फैसला लेना मुश्किल होगा कि रॉबर्ट को अमेठी से चुनाव लड़ाया जाये। इसके पीछे ठोस आधार भी है। रॉबर्ट को लड़ाने में सबसे बड़ी समस्या यह है कि उनकी छवि काफी खराब यानी एक भ्रष्टाचारी के रूप में बनी हुई है। रॉबर्ट को अमेठी से चुनाव लड़ाया गया तो बीजेपी के लिये कांग्रेस और गांधी परिवार पर भ्रष्टाचार को लेकर हमला तेज करने का और भी मौका मिल जायेगा। फिर रॉबर्ट की कोई सियासी पहचान भी नहीं है। रॉबर्ट को चुनाव लड़ने पर यदि गांधी परिवार के भीतर सहमति बनी हुई होती तो कांग्रेसियों की एक बड़ी फौज रॉबर्ट को चुनाव लड़ाने के लिये हो हल्ला मचाने लगती,लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। इस मतलब साफ है कि रॉबर्ट वाड्रा अपनी ससुराल से अलग लाइन पर चल रहे हैं। दरअसल, रॉबर्ट चुनाव लड़कर कांग्रेस में अपना रूतबा बढ़ाना चाहते हैं। ऐसे में वह राहुल गांधी के समानांतर खड़े नजर आ सकते हैं। कुल मिलाकर रॉबर्ट वाड्रा गांधी परिवार के सामने एक बड़ी लाइन खींचना चाहते हैं। वह गांधी परिवार को चुनौती देते दिख सकते हैं। इसलिये राबर्ट का अमेठी से चुनाव लड़ने का सपना पूरा होता नहीं दिख रहा है।

खैर, रॉबर्ट वाड्रा के अमेठी से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करने के बाद इतना जरूर हुआ है कि अब कांग्रेस का ध्यान इस ओर लगा हुआ है कि अमेठी की चुनावी रणभूमि में जल्द से जल्द अपना योद्धा उतारकर कमजोर हो रहे कार्यकर्ताओं को मजबूती देने का है। माना जा रहा है कि पार्टी अब कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता प्रतापगढ़ से रामपुर खास से विधायक आराधना मिश्रा मोना पर दांव खेल सकती है। अब सभी को कांग्रेस राहुल गांधी की हां और न का ही इंतजार है। राहुल गांधी की ओर से तस्वीर साफ होते ही किसी एक प्रत्याशी का नाम उजागर हो जायेगा। वहीं, कांग्रेस के अमेठी के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने एक बार फिर अपनी बात दोहराते हुए कहा कि हमारे हिसाब से तो राहुल भइया ही अमेठी से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। गौरतलब हो, रॉबर्ट वाड्रा ने एक समाचार एजेंसी से बातचीत करते हुए कहा कि अमेठी के लोग चाहते हैं कि उनके निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करूं। वर्षों तक गांधी परिवार ने रायबरेली व अमेठी में कड़ी मेहनत की। अमेठी के लोग वास्तव में वर्तमान सांसद (स्मृति ईरानी) से परेशान हैं, मतदाताओं को लगता है कि उन्होंने स्मृति ईरानी को चुनकर गलती की है।

बहरहाल, कांग्रेस उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर अखिलेश यादव के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस को अमेठी और रायबरेली समेत 17 सीटें लड़ने के लिए मिली हैं। अमेठी और रायबरेली सीट पर कांग्रेस ने अभी तक अपने उम्मीदवारों का ऐलान नहीं किया है। इन दोनों ही सीटों पर संशय बना हुआ है। ये दोनों सीटें अहम हैं, क्योंकि ये सीटें हमेशा गांधी परिवार का गढ़ रही हैं। हालांकि, 2019 में राहुल गांधी अमेठी सीट हार गए थे। दशकों तक जिस अमेठी में गांधी–नेहरु परिवार का डंका बजता था। आज उसी अमेठी में भाजपा की स्मृति का जादू चल रहा है। दस साल पहले आम चुनाव 2014 में भाजपा प्रत्याशी के रूप में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुकाबला करने अमेठी आई स्मृति ईरानी ने मात्र 23 दिनों में ही यहां के लोगों से कुछ ऐसा नाता जोड़ा कि उन्हें तीन लाख से अधिक मत प्राप्त हुए।

# बीजेपी के जिला कार्यालय पर मनाया गया स्थापना दिवस




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–** सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान व सांसद जगदंबिका पाल ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी कार्यालय पर झंडा लगा कर पार्टी को अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महापुरुष श्यामा प्रसाद मुखर्जी,पंडित दिन दयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा श्राष्ट्र प्रथमश के भाव को आत्मसात कर श्अंत्योदयश के ध्येय और सुशासन व गरीब–कल्याण के संकल्प के साथ माँ भारती की सेवा में सतत समर्पित, विश्व के विशालतम राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं! भाजपा वो पार्टी नही है जो टीवी स्क्रीन , यू ट्यूब चौनल, ट्विटर हैंडल से पैदा हुई है बल्कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं के त्याग तपस्या से आगे बढ़ी हुई है। भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने में कार्यकर्ताओं का अमिट योगदान है आज के दिन पूरे जिले भर के 2183 बूथों पर बूथ अध्यक्ष स्थापना दिवस बना रहे है। वही सांसद जगदंबिका पाल ने कहा अटल बिहारी वाजपेई,लाल कृष्ण आडवाणी जी जैसे नेताओं ने पार्टी को अपने खून पसीने से सींचा है जिनके पद चिन्हों पर चलना हम सब का कर्तव्य। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष बृज बिहारी मिश्रा,विधानसभा चुनाव संयोजक हेमंत जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य,जिला महामंत्री विपिन सिंह,जिला मंत्री अजय उपाध्याय,फतेबहादूर सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री युवा मोर्चा अखिल देव त्रिपाठी,जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय,नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, भाजपा नेता मंगल चौरसिया,अरविंद उपाध्याय,राकेश दत्त त्रिपाठी,फूल चंद जयसवाल,लोकसभा विस्तारक शैलेश द्विवेदी,सौरभ त्रिपाठी,विक्की रस्तोगी,अनुराग गगन आदि लोग उपस्थित रहे।

# हनुमानगढ़ी पथ पर रेलिंग लगाए जाने से नाराज व्यापारियों ने बंद कर दी दुकानें



**संवाददाता–अयोध्या।** अयोध्या हनुमानगढ़ी मार्ग पर रेलिंग लगाए जाने से खफा लड्डू व्यापारियों ने दुकानें बंद कर रखी हैं। शनिवार होने के नाते दर्शन मार्ग पर सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े हैं। लड्डू की दुकानें बंद होने के कारण श्रद्धालुओ में भी निराशा है। हलवाई एसोसिएसन के नंदलाल गुप्ता ने पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन पर तानाशाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि हनुमानगढ़ी में रेलिंग लगाए जाने का विरोध करते हुए प्रसाद की दुकानें बंद कराई गई है। नई व्यवस्था से व्यापारियों का नुकसान हो रहा है। भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं की सुरक्षा का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा। व्यापारी समाज की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग है कि स्थानीय व्यापारियों के हितों का भी ध्यान रखा जाए। व्यापारी जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि सुबह चार बजे ही दुकानें खोल दी जाती थीं लेकिन आज विरोध स्वरूप बंद रखी गई है। व्यापारियों के विरोध की सूचना पर एसडीएम सिटी सलिल कुमार पटेल एसडीएम सदर राजकुमार पांडेय सहित अन्य अधिकारी पहुंचे और व्यापारियों से वार्ता की। अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है।

# रामनवमी को लेकर बदली रामलला के दर्शन की टाइमिंग, 15 से 17 अप्रैल तक लागू होगी नई व्यवस्था



**संवाददाता–अयोध्या।** रामनवमी के मौके पर 15 से 17 अप्रैल तक राममंदिर 20 घंटे खोला जाएगा। यानी रामलला 20 घंटे भक्तों को दर्शन देंगे। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में इस पर सहमति बन गई है। रामलला के राग–भोग व श्रृंगार के समय को छोड़कर शेष समय राममंदिर खुला रहेगा। अयोध्या धाम समेत शहर के बाजारों में 100 स्थानों पर एलईडी स्क्रीन के जरिये रामजन्मोत्सव का लाइव प्रसारण प्रसार भारती के माध्यम से किया जाएगा। रामजन्मभूमि परिसर में पहली पाली में राममंदिर निर्माण समिति की बैठक और दोपहर बाद मणिरामदास की छावनी में राममंदिर ट्रस्ट की बैठक हुई। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि रामलला के सुबह, दोपहर व रात में होने वाले राग–भोग व श्रृंगार में तीन से चार घंटे लगते हैं। इस समय को छोड़कर राममंदिर भक्तों के लिए खुला रहे इस पर चर्चा हुई है। संतों ने कहा है कि रामलला का जन्मदिन है तो उन्हें कुछ परेशानी तो झेलनी ही पड़ेगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे बिना मोबाइल फोन के दर्शन करने आएं। जूता–चप्पल व सामान भी अलग रखकर आएं। इससे न सिर्फ आसानी से दर्शन होंगे, बल्कि समय भी कम लगेगा। रामजन्मभूमि पथ से लेकर परिसर तक 50 स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। दर्शनपथ पर बैठने के भी इंतजाम किए जा रहे हैं। जूट की कारपेट बिछेगी। छाया के लिए जर्मन हैंगर लगाए जा रहे हैं। श्रद्धालु डायरिया से बच सकें, इसलिए ओरआरएस का घोल भी भक्तों को दिया जाएगा। ऐसी जगह का चयन किया जा रहा जहां सभी श्रद्धालुओं को आसानी से प्रसाद भी दिया जा सके।

बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि, निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, जगद्गुरु विश्व प्रसन्न तीर्थ, महंत दिनेंद्र दास, डॉ0 अनिल मिश्र, बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र, केंद्रीय गृह सचिव प्रशांत लोखंडे, जिलाधिकारी नितीश कुमार, विशेष आमंत्रित महंत कमलनयन दास शामिल रहे। जबकि के परासरण, जगद्गुरु वासुदेवानंद, युग पुरुष परमानंद वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जुड़े। चंपत राय ने बताया कि रामनवमी पर भीड़ को देखते हुए विशिष्ट दर्शन की कोई व्यवस्था नहीं रहेगी। 15 से 18 अप्रैल तक पास नहीं बनेंगे। जिन्होंने पास पहले से बुक करा लिए हैं, वह निरस्त माने जाएं। चंपत राय ने रामभक्तों से अपील की कि अपने घरों, स्थानों, मंदिरों पर रामजन्मोत्सव का लाइव प्रसारण देखे। अपने गांव, मोहल्ले में उत्साहपूर्वक जन्मोत्सव मनाएं। अयोध्या में अत्यधिक श्रद्धालुओं को संभालना संभव नहीं है। ऐसे में भारी भीड़ दर्शनार्थियों के लिए ही कष्टप्रद न हो जाए, इसकी भी चिंता हमें करनी है।

चंपत राय ने कहा कि विज्ञानियों ने पहले तो सूर्य अभिषेक को लेकर हाथ खड़े कर दिए थे। अब कहना कि इसी रामनवमी रामलला का सूर्य अभिषेक हो सकता है। इसके लिए वे जरूरी उपकरण लगा रहे हैं। अयोध्या आने वाले श्रद्धालु सूर्य अभिषेक नहीं देख पाएंगे। लाइव प्रसारण पर सूर्य अभिषेक का दर्शन श्रद्धालु कर सकते हैं। विज्ञानी 15 अप्रैल तक बता देंगे कि रामनवमी पर सूर्य अभिषेक होगा कि नहीं। राममंदिर के प्रथम तल पर बनने वाले रामदरबार को लेकर भी चर्चा की गई है। राजा राम के दरबार का स्वरूप क्या होगा इस पर मंथन शुरू हो गया है। इसकी डिजाइन के लिए किसका चयन किया जाए, इसको लेकर कई सुझाव आए हैं। रामनवमी के बाद होने वाली बैठक में इस पर चर्चा आगे बढ़ेगी।

# एसपी से मिले आत्महत्या करने वाले पीआरवी सिपाही के परिजन

**संवाददाता–गोरखपुर।** देवरिया जनपद के खामपार थाने पर डायल 112 में तैनात कांस्टेबल दुर्गेश पासवान की आत्महत्या की घटना के बाद शनिवार को मृतक के भाई पन्नेलाल व माता सुभावती अपने रिश्तेदारों के साथ एसपी देवरिया से मुलाकात की। झंगहा थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत अमडीहा के मेहिया निवासी मृतक दुर्गेश पासवान के बड़े भाई पन्नेलाल पासवान, माता सुभावती देवी ने अपने रिश्तेदारों के साथ पुलिस अधीक्षक देवरिया से मुलाकात की। घटना के कारण की जांच तथा मृतक की माता को नौकरी दिलाने की मांग की। एसपी ने परिवार को सरकारी सहायता सहित हर संभव पूर्ण मदद करने का आश्वासन दिया। दुर्गेश खामपार में डायल 112 में को कांस्टेबल था। वह छुट्टी पर घर आया था। गुरुवार की रात में पट्टीदारी के वहां जन्मदिन पार्टी में गया था। रात में वह 11 बजे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। परिवारीजनों का आरोप था कि डायल 112 पुलिस के किसी से परेशान था और विवाद हुआ था। आशंका है कि डिप्रेशन में आकर उसने आत्महत्या कर ली।

मृतक के भाई व उसकी मां के साथ एसपी से मिलने पहुंचे गांव के पूर्व प्रधान जगदीश पासवान, रिस्तेदार राजेन्द्र, प्रदीप, अच्छेलाल, रविन्द्र व चन्दशेखर ने दुर्गेश के मौत के विभागीय कारण, विभाग द्वारा वेतन से कटौती व माता या भाई को नौकरी दिलाने आदि बिन्दुओं पर बात की। एसपी ने कहा कि यदि उसकी मौत का कारण विभाग से सम्बन्धित या कोई शंका है तो दो तीन दिन बाद उन्हें लिखित शिकायत दे दें। वह जांच कराएंगे। कोई दोषी मिला तो कारवाई होगी। एसपी ने कहा कि मृतक की माता को पेंशन या नौकरी के लिए हरसंभव मदद की जाएगी।

# सप्त मंडपम के लिए नींव खोदाई का काम पूरा

**संवाददाता–अयोध्या।** राममंदिर निर्माण समिति की बैठक के दूसरे दिन निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि सभी निर्माण कार्य तय समय सीमा के अनुसार ही चल रहे हैं। सप्त मंडपम निर्माण के लिए नींव खोदाई का काम पूरा हो चुका है। सप्तमंडपम में श्रीराम के समकालीन सात महापुरुषों महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वाल्मीकि, निषादराज, जटायु व शबरी के मंदिर बनाए जाने हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 के अंत तक राममंदिर के प्रथम व द्वितीय तल का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद मंदिर ट्रस्ट को हैंडओवर कर दिया जाएगा। दिसंबर तक परकोटा का काम पूरा करने की चुनौती है। इंजीनियरों ने आश्वस्त किया है कि 750 मीटर लंबा परकोटा दिसंबर तक तैयार हो जाएगा। राममंदिर निर्माण में टाटा कंसल्टेंसी, एलएंडटी के बाद अब राजकीय निर्माण निगम भी शामिल हो गई है। राममंदिर निर्माण की गति भले ही धीमी रहे, मगर तेजी की कीमत पर गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। राममंदिर एक हजार साल तक सुरक्षित रहे, इसी के आधार पर काम चल रहा है। इंजीनियरों की टीम को यह बात भलीभांति बता दी गई है। बैठक में राममंदिर ट्रस्ट के महसचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र मौजूद रहे। नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि रामनवमी पर यथाशक्ति अपने–अपने स्थानों पर भी पूजा–अनुष्ठान करें। इसके आगे समय पाकर दर्शन के लिए अयोध्या आएं। एक साथ अप्रत्याशित भीड़ हो जाएगी तो कानून व्यवस्था के लिए चुनौती हो जाएगी।

# लाइसेंसी असलहों को जमा कराने में खलीलाबाद सर्किल के थाने पिछड़े

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** लोक सभा चुनाव शांति पूर्वक कराने के लिए पुलिस लाइसेंसी असलहों को जमा कर रही है। खलीलाबाद सर्किल के थानों में असलहों को जमा कराने की गति बेहद सुस्त है। जबकि मेंहदावल सर्किल के थाने असलहा जमा कराने में आगे हैं। एसपी ने असलहों को जमा कराने की गति बढ़ाए जाने का निर्देश सभी एसओ को दिया है। प्रशासन के रिकॉर्ड के मुताबिक जिले में कुल 4201 असलहें है। जिसमें से 2320 असलहे अभी तक जमा कराए जा चुके हैं। कोतवाली में 1142 में से 408 असलहे अभी तक जमा हो पाए हैं। जबकि दुधारा में 398 में से 316 असलहे जमा हो चुके हैं। खलीलाबाद सर्किल में कुल 1540 असलहे हैं। जिसमें से 724 असलहे ही अब तक जमा हो पाए हैं। कोतवाली में 35 प्रतिशत और दुधारा में 79 प्रतिशत अलसहे जमा हुए हैं। इसी तरह मेंहदावल में 244 में से 166, बखिरा में 327 में से 276, बेलहर कला में 188 में से 83 और धर्मसिंहवा में 149 में से अब तक 121 असलहें जमा हो गए हैं। मेंहदावल सर्किल के थानों में कुल 908 असलहे में से 646 असलहें जमा हो चुके है। इसमें मेंहदावल में 68 प्रतिशत, बखिरा में 84 प्रतिशत, बेलहर कला में 44 प्रतिशत और धर्मसिंहवा में 87 प्रतिशत असलहें जमा कराए जा चुके हैं। धनघटा सर्किल में कुल 1753 असलहे हैं। इसमें महुली थाने में 1145 और धनघटा थाने में 608 असलहे हैं। महुली में 653 और धनघटा में 297 असलहे ही अभी तक जमा हो पाए है। स्क्रीनिंग कमेटी ने एक लाइसेंसी को शस्त्र न जमा करने की छूट दिया है। पुलिस अभी तक 11 असलहों का लाइसेंस निरस्त करा चुकी है।

एएसपी शशि शेखर सिंह ने बताया कि शत प्रतिशत असहलों को जमा कराए जाने का निर्देश सभी एसओ को दिया गया है। जिन थानों में असलहों को जमा कराने की प्रगित धीमी है, उन्हें गति बढ़ाए जाने को कहा गया है। पुलिस समय से शत प्रतिशत असलहों को जमा करा लेगी।

# दहेज हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज थाना की पुलिस ने शनिवार को दहेज हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। केस दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे थे।

आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाले एसआई नंदा प्रसाद ने बताया कि दिलीप अग्रहरी पुत्र रामकुमार व मंजू देवी पत्नी रामकुमार अग्रहरी निवासी पचऊथ थाना डुमरियागंज के खिलाफ धारा 498ए, 304 ई व डीपी एक्ट के तहत केस दर्ज था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# अशोक त्रिपाठी भाजपा में शामिल

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** बांसी नगर निवासी समाजसेवी अशोक त्रिपाठी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इनको लखनऊ में सदस्यता दिलाई। भाजपा में आने से इनके समर्थकों में खुशी की लहर है। शंभू कश्यप, संजय, जितेंद्र कसेरा, अतुल उपाध्याय, हरिओम मिश्रा, विजय मिश्रा, मनोज बाबा, रूपेश महाजन, विनय पांडेय, इंद्रमणि त्रिपाठी, राम चंदर यादव, अखिलेश, सत्येन्द्र द्विवेदी, शुभम सहित तमाम लोगों ने बधाई दी है।

# जिले के तीन न्यायिक अधिकारियों का तबादला

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती एचजेएस द्वारा शनिवार को जारी तबादला सूची में जिले के तीन न्यायिक अधिकारियों का गैर जनपद तबादल हो गया है। दूसरे जिले से तीन आ रहे हैं।

तबादला सूची के अनुसार बृजेश कुमार द्वितीय का सिद्धार्थनगर से मथुरा, मोहम्मद शफीक का सिद्धार्थनगर से सीतापुर जबकि चंद्रमणि का सिद्धार्थनगर से लखनऊ तबादला हो गया है। जिले में बरेली से न्यायिक अधिकारी सत्य प्रकाश आर्या, वाराणसी से मनोज कुमार तिवारी व वाराणसी से ही सुभाष चंद्र तिवारी आ रहे हैं।

# 75 साल की विधवा से गैंगरेप

**संवाददाता–गोरखपुर।** एक 75 साल की विधवा महिला को उसी के गांव के दो युवकों ने पहले जान से मारने की कोशिश कर और फिर गैंगरेप किया। यह घटना उस वक्त हुई, जब बीते गुरुवार की रात महिला अपने घर के बाहर झोपड़ी में सोई हुई थी। घटना चौरीचौरा इलाके के एक गांव की है।


## अदालती नोटिस

इत्तिलानामा बनाम रेपान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्ररह समायत अपील

अदालत– श्रीमान आयुक्त महोदय बस्ती जिला–बस्ती

कम्प्यूटरीकृत वाद सं0

C 202217000000033

रामगरीब

बनाम

उदयनरायन आदि

साकिन रामपुर नवनिधिराय तप्पा बनगवा परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

1. उदयनरायन पुत्र जगदीश प्रसाद 2. भूमि प्रबंधक समिति 3. दीप नरायन पुत्र जगदीश प्रसाद 4. शिवनरायन पुत्र जगदीश प्रसाद 5. जय नरायन पुत्र रूद्र प्रसाद 6. श्रीमती सुशीला देवी पत्नी रूद्र प्रसाद साकिन रामपुर नवनिधिराय तप्पा बनगवा परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 03–05–2024**

अपील बनराजी अदालत मुकाम मयरिखा महीना सन् 20 ई0 रेस्पान्डेन्ट

इत्तिला दी जाती है कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत व तारीख 03 महीना 05 सन 2024 ई0 वास्ते जमानत तथा अपील मुकर्रर का है।

अगर खुद या आपके वकील या और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब सवाल करने वाजिद हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समायत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा हो जायेगी।

आज बतारीख 06 माह 04 सन 2024 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के हवाले किया गया।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

इत्तिलानामा बनाम रेपान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्ररह समायत अपील

अदालत– श्रीमान जिला जज महोदय बस्ती जिला–बस्ती

सिविल अपील सं0 52/2023

मुंशी

बनाम

मुसम्मात ज्ञानदेई आदि

2. गॉवसभा केनौना कुर्थिया जरिये प्रधान ग्राम सभा केनौना कुर्थिया तप्पा उजियार परगना मगहर पूरव तहसील खलीलाबाद जिला–बस्ती वर्तमान सन्तकबीरनगर 3. सरकार उ0प्र0 जरिये जिलाधिकारी महोदय बस्ती वर्तमान संतकबीरनगर 4/2 संयोगी उम्र लगभग 34 साल पुत्र शिवपूजन साकिन सेहरी तप्पा रामपुर पैली परगना मगहर पूरव तहसील खलीलाबाद जिला–संतकबीरनगर

**तारीख पेशी 16–04–2024**

अपील बनराजी अदालत मुकाम मयरिखा महीना सन् 20 ई0 रेस्पान्डेन्ट

इत्तिला दी जाती है कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत व तारीख 16 महीना 04 सन 2024 ई0 वास्ते जमानत तथा अपील मुकर्रर का है।

अगर खुद या आपके वकील या और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब सवाल करने वाजिद हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समायत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा हो जायेगी।

आज बतारीख माह सन 20 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के हवाले किया गया।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

वाद सं0 302/2022

अदालत–श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बस्ती जिला–बस्ती

अपूर्व गौरव सिंह बघेल

बनाम

आकांक्षा सिंह

1. आकांक्षा सिंह उम्र लगभग 32 साल पत्नी अपूर्व गौरव सिंह बघेल हाल मुकाम पुत्री अजय प्रताप सिंह साकिन आवास विकास कालोनी (249) कटरा कोतवाली बस्ती तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला बस्ती पोस्ट–गांधीनगर बस्ती

**तारीख पेशी 26–04–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 26 माह 04 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रूबी पुत्री श्री हरिश्चन्द्र वर्मा, ग्राम– जगन्नाथपुर पोस्ट–लालगंज जनपद बस्ती की निवासिनी हूं। मेरे हाईस्कूल एवं इण्टर मीडिएट के अंक पत्र में मेरा नाम Km. RUBY पुत्री HARISHCHANDRA VERMA है। एवं अन्य अभिलेखों में मेरा नाम RUBY पुत्री HARISH CHANDRA VERMA है। Km. RUBY एवं RUBY दोनों नाम मेरे है। यह पूरी तरह से सत्य है।

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

मूलवाद सं0 57/2022

अदालत–श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) बस्ती जिला–बस्ती

शब्बीर अली

बनाम

उमेश चन्द्र आदि

1. उमेश चन्द्र उम्र लगभग 50 वर्ष 2. रमेश चन्द्र उम्र लगभग 47 वर्ष 3. सुरेश चन्द्र उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्रगण श्रीकान्त पाण्डेय 4. श्रीमती स्र्वणावती उम्र लगभग 40 वर्ष पत्नी स्व0 द्विजेश कुमार 5. अनुज उम्र लगभग 13 वर्ष नावालिग पुत्र द्विजेश कुमार जरिए संरक्षिका श्रीमती स्र्वणावती पत्नी द्विजेश कुमार माता हकीकी 6. जानह्वी उम्र लगभग 10 वर्ष नावालिग पुत्री द्विजेश कुमार जरिए संरक्षिका श्रीमती स्र्वणावती पत्नी द्विजेश कुमार माता हकीकी निवासीगण ग्राम भुवनी तप्पा कपरी महसो परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती पोस्ट महसो

**तारीख पेशी 18–04–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 18 माह 04 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

मूलवाद सं0 527/2022

अदालत–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद बस्ती जिला–बस्ती

शेषमुनि

बनाम

श्रीमती उर्मिला देवी आदि

6. अंकित मिश्रा उम्र करीब 28 साल पुत्र देवतादीन साकिन हर्रैया मिश्र तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला–बस्ती

–प्रतिवादी द्वितीय वर्ग

7. इन्द्रावती उम्र करीब 50 साल पत्नी स्व0 कृष्णदेव 8. पुष्पा देवी उम्र करीब 35 साल पत्नी विनोद कुमार 9. गंगाधर उम्र करीब 55 साल 10. शंभूधर उम्र करीब 52 साल पुत्रगण रामपति साकिनान मौजा हर्रैया मिश्र तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला–बस्ती

–प्रतिवादीगण तृतीय वर्ग

**तारीख पेशी 03–05–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 03 माह 05 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

मूलवाद सं0 321/2020

अदालत–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद बस्ती जिला–बस्ती

भोलानाथ आदि

बनाम

जयन्त्री प्रसाद आदि

1. जयन्त्री प्रसाद 2. रामवृक्ष पुत्रगण राम अजोर निवासीग खलील पट्टी तप्पा कलवारी परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती 3. रामजतन 4. रामसजन 5. गुडडू 6. रामबचन पुत्रगण रामजी समस्त निवासीगण मौजा खलील पट्टी तप्पा कलवारी परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती हाल मुकाम बबुरहिया तप्पा कलवारी परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 01–05–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 01 माह 05 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

## सूचना

श्री अमरेश बहादुर सिंह पुत्र श्री बासदेव सिंह, ग्राम–कन्जे मऊ, पो०–कुरथा, जिला–गोण्डा, अनुचर दिनांक 24.12.2022 से और श्री मनोज कुमार वर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री रामरक्षा वर्मा ग्राम सिसई महूघाट पोस्ट– हर्रैया जनपद बस्ती अनुचर भारत सिंह कृषि विद्यालय भारत नगर हरैया, बस्ती को सूचित किया जाता है कि आप विद्यालय पर दिनांक 27.01.2024 से लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं। अपने अनुपस्थित रहने के कारण से भी विद्यालय को अवगत नहीं कराये, बार–बार, आपको पत्र दिया जाता है, परन्तु आप न तो पत्र लेते हैं और न तो विद्यालय पर उपस्थित ही हो रहे हैं, इससे यह स्पष्ट होता है कि आप कार्य करने के इच्छुक नहीं हैं, यदि आप दिनांक 22.04.2024 तक विद्यालय पर उपस्थित हो करके अपने दायित्व का निर्वहन नहीं करेंगे तो माना जायेगा कि आप कार्य करने के लिए इच्छुक नहीं हैं। प्रबन्ध समिति / प्रधानाचार्य आपकी सेवा समाप्त करने के लिए बाध्य होगी। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेंदारी आपकी होगी।

**आज्ञा से– (अजय कुमार सिंह)**
प्रबन्धक भारत सिंह कृषि विद्यालय
भारत नगर हरैया जनपद– बस्ती
दिनांक 06–04–2024
मो०– 9450555821



**दैनिक भारतीय बस्ती**

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**
**सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय–**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय–**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल**bhartiyabasti@yahoo.com**
**bhartiyabasti@gmail.com**